समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# त्रिवेणी मेले के सुनियोजित ढंग से आयोजन हेतु कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा त्रिवेणी मेला परिसर का निरीक्षण

रतलाम 20 दिसम्बर । नगर निगम द्वारा 24 दिसम्बर 2021 से 03 जनवरी 2022 तक त्रिवणी मेला परिसर में आयोजित किये जाने ग्यारह दिवसीय मेले का सुनियोजित तरीके से आयोजन हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को दोपहर में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, एसडीएम श्री अभिषेक गेहलोत, सीएसपी श्री हेमन्त चाहान व निगम अधिकारियों के साथ मेला परिसर क्षेत्र पहुंचकर मेला आयोजन हेतु निगम द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर व निगम प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने मेला क्षेत्र, यज्ञ शाला, त्रिवेणी कुण्ड आदि का निरीक्षण कर समय सीमा में रंगाई–पुताई, सड़क पेंचवर्क, टेन्ट डेकोरेटस, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, विद्युत सज्जा, पेयजल, मेला ग्राउण्ड का समतलीकरण व वॉटरिंग करवाने के निर्देश दिये।

उन्होने निर्देशित किया कि मेले का आयोजन कोविड–19 की गाईड लाईन के तहत हो साथ ही इसकी सुनिश्चित्ता की जाये की मेले में वे लोग आये जिन्होने वैक्सीन के दोनो डोज लगवा लिय है, इसका व्यापक प्रचार–प्रसार भो किया जाये। उन्होने यह भी निर्देश दिये कि इस बार मेले की थीम स्वच्छता पर रखी जाये ताकि मेले में आने वाले नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हों।

पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी ने मेला प्रांगण में असामाजिक तत्वों द्वारा कोई शरारत नहीं हो, इस हेतु सतत पेट्रोलिंग करने एवं निगाह रखने के निर्देश सीएसपी को दिए।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री श्री सत्यप्रकाश आचार्य, श्री अरविन्द दशोत्तर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री सर्वश्री सुहास पंडित, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, पूर्व क्षेत्रिय पार्षद प्रतिनिधि श्री राकेश मीणा, सनातन धर्मसभा व यज्ञ समिति के पदाधिकारी सर्वश्री नवनीत सोनी, राजेन्द्र शर्मा, कैलाश सोनी, आदि उपस्थित थे।

# होटलो के बीच होगी स्वच्छता प्रतियोगिता

## होटल संचालकों को स्वच्छता प्रतियोगिता की जानकारी से अवगत कराया

रतलाम 20 दिसम्बर । स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों के तहत कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में संचालित होटलो के बीच स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित करवाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, एसडीएम श्री अभिषेक गेहलोत ने होटल संचालकों की बैठक लेकर स्वच्छता प्रतियोगिता की जानकारी से अवगत कराया।

आयोजित बैठक में एच एम एस इंदौर के श्री शशांक पाण्डेय ने नगर के होटल संचालकों को स्वच्छ होटल प्रतियोगिता के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में होटल में 4 डस्टबिन रखने पर 30 नंबर, होटल से निकलने वाले गीले कचरे को होटल परिसर में ही प्रसंस्करण करने पर 40 नंबर, कोविड से संबधित सुरक्षा अपनाने पर 40 नंबर, स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 से संबंधित वाल पेंटिंग करवाने पर 40 नंबर, होटल को प्लास्टिक मुक्त बनाने पर 40 नंबर इस तरह कुल 17 मापदण्डों के तहत 565 नम्बरों की प्रतियोगिता आयोजित होगी।

